भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1760
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 02 मार्च, 2020
12 फाल्गुन, 1941 (शक)

एनसीआर में ऐतिहासिक स्मारकों की सुरक्षा

1760. पी.के. कुन्हालीकुट्टी:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ऐतिहासिक स्मारकों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) दिल्ली के महरौली पुरातात्विक पार्क में ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण के संबंध में अब तक क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) : संस्कृति मंत्रालय और विरासत शहर प्रभाग, शहरी विकास मंत्रालय द्वारा इस संबंध में कोई विशेष योजना कार्यान्वित नहीं की जा रही है। तथापि, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में राष्ट्रीय महत्व के स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की देखरेख और अनुरक्षण के अधीन हैं।

(ख) : राष्ट्रीय महत्व के पांच स्मारक महरौली पुरातत्वीय पार्क के अंदर स्थित हैं जिनका भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षण और अनुरक्षण किया जाता है।